जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।
दिनांक : 11.06.2019

**प्रेस विज्ञप्ति**
**(सं. 2019–20/114)**

## डिब्बों में अस्थाई बढोतरी

### *जयपुर–पुणे–जयपुर द्वि–साप्ताहिक एक्सप्रेस में बढाये डिब्बे*

रेलवे प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु जयपुर–पुणे–जयपुर द्वि–साप्ताहिक एक्सप्रेस में 01 थर्ड एसी व 01 द्वितीय शयनयान डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री अभय शर्मा के अनुसार गाडी संख्या 12940/12939, जयपुर–पुणे–जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में जयपुर से दिनांक 15.06.19 एवं पुणे से दिनांक 16.06.19 को 01 थर्ड एसी डिब्बें की तथा गाडी संख्या 12940/12939, जयपुर–पुणे–जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में जयपुर से दिनांक 18.06.19 एवं पुणे से दिनांक 19.06.19 को 01 द्वितीय शयनयान डिब्बों की अस्थाई बढोतरी की गई है। इस बढोतरी से इस गाडी के मार्ग के सवाई माधोपुर, कोटा, रतलाम, वडोदरा एवं अन्य स्टेशनों के यात्रियों को थर्ड एसी की 72 बर्थ एवं द्वितीय शयनयान की 80 बर्थ अधिक उपलब्ध हो पायेगी।

**वरि. जन सम्पर्क अधिकारी**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर**

नोटः– उत्तर पश्चिम रेलवे का आप फेसबुक एवं ट्वीटर पेज /NWRailways पर भी अवलोकन कर सकते है।